## नर्मदा परिक्रमा पथ पर आश्रय स्थल बनाया जाए

**मंडला, देशबन्धु।** नर्मदा पर नर्मदा परिक्रमा वासियों को रुकने एवं अन्य व्यवस्थाएं हेतु रेडी टू स्टे आश्रय स्थल प्रत्येक जिले में बनाने का निर्णय लिया गया है, बनाने के साथ ही मंडला जिले में भी हिरदेनगर में डेढ़ एकड़ क्षेत्र में आश्रय स्थल बनाने का निर्णय लिया गया है, जिससे नर्मदा एवं नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा करने वाले श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त है, तथा इस निर्णय को जिले के बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य लोगों द्वारा ने इसे अमान्य किया जा रहा है।

यह सर्वविदित सत्य है कि विश्व में एक मात्र नर्मदा नदी ही ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है, यह परिक्रमा लगभग 3500 किलोमीटर दूरी तय करने पर पूर्ण होती हैं,अनेक परिक्रमावासी यह परिक्रमा पैदल चलकर तीन वर्ष तीन माह तेरह दिन में पूर्ण करते हैं, तथा अधिकांश परिक्रमावासी प्रतिदिन 25-35 किलोमीटर पैदल चलकर मात्र तीन से चार माह में अपनी परिक्रमा पूर्ण कर लेते है । दो पहिया अथवा चार-पहिया वाहन से यात्रा करने वाले परिक्रमा वासियों द्वारा यह परिक्रमा 15 से 20 दिन में पूर्ण कर लेते हैं। परिक्रमा



मार्ग में विभिन्न धार्मिक स्थानों व्यक्तियों द्वारा नर्मदा परिक्रमा वासियों की आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जाती है परन्तु अनेक स्थान ऐसे भी मिलते हैं जहां पर किसी भी प्रकार की व्यवस्था ना होने के कारण परिक्रमा वासियों द्वारा भीक्षा मांग कर स्वयं भोजन बनाकर अपनी छुदापूति की जाती है, परन्तु मां नर्मदा का ऐसा प्रताप है कि कोई भी परिक्रमावासियो को भूखा नहीं सोने देती है। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी नर्मदा परिक्रमा कर चुके हैं तथा सारी परिस्थितियों का उन्हें अंदाजा हैं, इन्हीं परिस्थितियों को दृष्टिगत् उनके द्वारा नर्मदा परिक्रमा पर पड़ने वाले प्रत्येक जिले में एक रेडी टू स्टे आश्रय स्थल को लगभग डेढ़ एकड़ में बनाने की स्वीकृति प्रदान की है, साथ ही उपयुक्त स्थल चयन के निर्देश भी दिए गए हैं। इसी संदर्भ में मंडला जिले के ग्राम हिरदेनगर में आश्रय स्थल बनाने की स्वीकृति प्रदान की है। मध्यप्रदेश शासन के इस निर्णय से नर्मदा एवं नर्मदा परिक्रमा वासी सेवा करने वाले श्रद्धालुओं एवं संस्थाओं में भारी रोष व्याप्त है, तथा वे शासन के इस निर्णय को अविवेक पूर्ण मान रहे हैं ,उनका कहना है कि नर्मदा परिक्रमा वासी, डिंडोरी, चाबी, देवगांव , रामनगर, पीपर पानी, सूर्यकुण्ड, पुरवा चौराहा होते हुए बंजर का कच्चा पुल पार कर महाराजपुर होते हुए सिवनी जिले की सीमा में प्रवेश करते हैं। यहां यह कहना गलत ना होगा कि 99 प्रतिशत परिक्रमा वासी अपनी परिक्रमा हेतु इसी मार्ग का उपयोग करते हैं तथा एक प्रतिशत भी परिक्रमा वासी हिरदेनगर होकर परिक्रमा करना पसंद नहीं करते हैं, हिरदेनगर जाने हेतु परिक्रमा वासियों को नर्मदा परिक्रमा पथ छोड़ कर लगभग 10 किलोमीटर की यात्रा अतिरिक्त करनी होती है जिसका नर्मदा परिक्रमा से कोई वास्ता नहीं रह जाता है। ऐसी स्थिति मे हिरदेनगर में जब कोई परिक्रमा वासी रात्रि विश्राम नहीं करते हैं तब हिरदेनगर में रेडी टू स्टे आश्रय स्थल बनाकर लाखों रुपए व्यय किए जाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है, तथा परिक्रमा वासियों के न रुकने के कारण आवारा पशुओं लोगों द्वारा आश्रय स्थल उपयोग किया जावेगा जो कि लोकहितार्थ में नहीं होगा।

अतः शासन प्रशासन से जनापेक्षा है कि हिरदेनगर के स्थान पर रामनगर से सिरपुरा के बीच में नर्मदा परिक्रमा पर ही आश्रय बनाने हेतु पुनः विचार किया जावें। छाया-राजेश,सचिन आदि उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत मोहगांव में बीआरजीएफ योजना में जमकर हुआ भ्रष्टाचार

**मंडला, देशबन्धु।** जनपद पंचायत मोहगांव में अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के अंतर्गत बीआरजीएफ योजना में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के संयुक्त हस्ताक्षर राशि आहरण की गई है। शासन के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर के लिए किस कर्मचारी का नाम प्रस्तावित किया गया है।

इस संबंध में जानकारी चाही गई थी किंतु संबंधित कार्यालय के द्वारा जानकारी नहीं दी गई। सूचना के अधिकार के अंतर्गत अपीलार्थी द्वारा नियमानुसार प्रथम अपील हेतु जनपद पंचायत मोहगांव में नियमानुसार आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, तद्नुसार संबंधित विभाग द्वारा जानकारी नहीं दी गई है जिसके कारण सूचना के अधिकार का पालन नहीं किया गया है जो एक सोचनीय विषय है। जनपद पंचायत मोहगांव में शाखा प्रभारी द्वारा जानकारी दी गई है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के संयुक्त हस्ताक्षर से राशि आहरण मोहन सिंह परस्ते प्रभारी खंड पंचायत अधिकारी बीआरजीएफ एक योजनांतर्गत प्रभारी अधिकारी थे, लेकिन राज्य शासन द्वारा सुरेश कुमार रजक सहायक विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत मोहगांव का नाम संयुक्त हस्ताक्षर मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा प्रस्तावित किया गया है। शासन के आदेश की उपेक्षा कर शाखा प्रभारी द्वारा मोहन परस्ते का नाम क्यों प्रस्तावित किया गया है? जो संदेह के घेरे में है। अपीलार्थी द्वारा मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल को बीआरजीएफ जनपद पंचायत मोहगांव जिला मण्डला के कार्यों में नियम प्रक्रिया के विरूद्ध कार्यों के संबंध में लिखित शिकायत की गई है। शासन द्वारा जिला पंचायत मण्डला में मुख्यमंत्री की शिकायत का नजर अंदाज किया जा रहा है।

आम नागरिकों की शिकायत का क्या होगा? जो सोचने वाली बात है। सीईओ संयुक्त हस्ताक्षर प्रभारी के हस्ताक्षर से राशि आहरण की गई है साथ ही अनाप-शनाप फर्जी बिल लगाये गये हैं। जिसकी माप पुस्तिका कार्यालय में नहीं मिलेगी। जिला पंचायत मण्डला द्वारा जांच दल बनाया गया है आज दिनांक तक गंभीर विषय पर जांच नहीं की गई है। पुनः इसके संबंध में अपीलार्थी मोहम्मद शरीफखान द्वारा जिला पंचायत मण्डला में 13 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री हाऊस की शिकायत का शीघ्र अतिशीघ्र निराकरण के लिये आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, किंतु जिला पंचायत द्वारा जानबूझकर उक्त आवेदन पत्र पर कार्यवाही आज दिनांक तक परिलक्षित नहीं हो पाई है। क्या कारण है

### सार-समाचार

## जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता से नागरिक भारी नाराज

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश की मंडला जिले में यूं तो कई तरह की समस्याओं का अंबार लगा हुआ है लेकिन इस जिले के जनप्रतिनिधि समस्याओं के निराकरण के लिए ध्यान नहीं दे रहे हैं जिला जिला पंचायत सदस्य जनपद सदस्य विधायक व सांसद पता नहीं क्या कर रहे हैं उनके कामों का ज्यादा पता नहीं चल पा रहा है यह अपने क्षेत्र में जनसंपर्क करने में भी लापरवाही कर रहे हैं ढेर सारी समस्याओं का अंबार इस जिले में लगा हुआ है इसके बावजूद यह सभी गहरी नींद में सोए हुए हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, यातायात, सड़क, कृषि, उद्यान पर्यटन, उद्योग की बेहद बुरी हाल हैं गंदगी बीमारी धांधली निरक्षरता बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए गंभीरता पूर्वक ध्यान नहीं दे रहे हैं तमाम तरह की समस्याएं उनके क्षेत्र में मौजूद हैं इसके बावजूद भी इनका सक्रिय नहीं होना नागरिकों के आक्रोश में इजाफा करना जैसा हो रहा है नागरिक इनकी बेहोशी की वजह से परेशान है और इसे लगातार नाराज होते जा रहे हैं सभी जिला पंचायत सदस्य सभी जनपद सदस्य सभी विधायक एवं सांसद संपूर्ण मंडला जिले में खासकर अपने-अपने क्षेत्र में सभी तरह की समस्याओं के निराकरण के लिए आखिर कब आगे आएंगे नागरिक सवाल कर रहे हैं,,? जन अपेक्षा है सभी उक्त जनप्रतिनिधि मंडला जिले की समस्याओं के निराकरण के लिए परिणाम कार्य प्रयास करें।

## जल चौपाल के माध्यम से खैरी पंचायत के तालाब का हो रहा पुनर्जीवन




**मंडला, देशबन्धु।।** जल संरक्षण की दिशा में खैरी पंचायत के समाजसेवियों और प्रशासन की पहल से एक सौ वर्षों से अधिक पुराने ऐतिहासिक तालाब का पुनर्जीवन कार्य प्रारंभ हो चुका है। एक समय था जब यह तालाब न केवल खैरी बल्कि आसपास के ग्रामवासियों के लिए पेयजल, पशुओं के पानी और स्नान का प्रमुख स्त्रोत हुआ करता था। इस जलस्त्रोत के कारण क्षेत्र के कुएं और बोरवेल भी भरपूर जल से लबालब रहते थे।लेकिन विगत कुछ वर्षों से यह तालाब उपेक्षा, अतिक्रमण और कचरा फेंकने का स्थान बन चुका था, जिससे इसका अस्तित्व संकट में आ गया था। लगातार गिरते जलस्तर को देखते हुए समाजसेवियों ने इस गंभीर स्थिति को सबके संज्ञान में लाया और जनभागीदारी से इसके जीर्णोद्धार का संकल्प लिया गया।

अब यह तालाब 'जल चौपाल' अभियान के अंतर्गत पुनः जनचेतना का केंद्र बन रहा है। श्रमदान के माध्यम से ग्रामवासी और प्रशासनिक प्रतिनिधि इसमें प्रतिदिन योगदान दे रहे हैं। इस प्रयास में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया है कि आपके सहयोग से आपने वाले समय में इसको और सुंदर बनाया जाएगा । जनपद सदस्य श्री सोनू भलावी ने कहा कि सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे और श्रमदान में भाग ले । इसके अलावा सरपंच श्रीमती सीमा गोटिया, पंचगण, नर्मदा समग्र के कार्यकर्ता श्याम श्रीवास, नीलेश कटारे, वरिष्ठ समाजसेवी रवि पटेल, भूरेलाल पटेल, छवि पटेल, राजेश पटेल, रूपेश, श्रीमती लता, रोशनी, कुंती, सरोज, सुखमणि, रामबती, योगेश, दुर्गेश, बंटी, बबाल, मनोज सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह प्रयास केवल एक तालाब का जीर्णोद्धार नहीं, बल्कि जल संस्कृति की पुनर्स्थापना की मिसाल बन रहा है। आने वाली पीढ़ियों के लिए यह कार्य जल संरक्षण की प्रेरणा देगा।

## ईद के मुबारक मौके पर विधायक चैनसिंह बरकड़े ने दी शुभकामनाएं



**मंडला, देशबन्धु।** विधानसभा निवास क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक चैनसिंह बरकड़े ने ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों और सभी धर्मावलंबियों को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ईद का त्यौहार आपसी भाईचारे, सौहार्द और प्रेम का प्रतीक है। यह पर्व हमें त्याग, समर्पण और सेवा की भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। इसी शुभ अवसर पर विधायक प्रतिनिधि इलियास खान के निवास पर विधायक चैनसिंह बरकड़े ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी और अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को ईद की बधाइयां दीं और समाज में शांति एवं एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। विधायक ने क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की बात कही। इस अवसर पर खान-पान और आपसी मेल-मिलाप का सुंदर दृश्य देखने को मिला, जिससे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल रहा।

## मंडला जिले में चल रही घोर लापरवाही

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में पैसा एक्ट का सही क्रियान्वयन नहीं हो रहा है चर्चा चल रही है कि अभी तक सभी ग्रामों में पेसा एक्ट की सभी समिति गठित नहीं हो पाई है जबकि इसके गठन के लिए पूर्व में आदेश दिए गए थे लेकिन कई ग्राम पंचायत में समन्वय नहीं होने की वजह से समिति गठित नहीं हो पाई है अपील समिति का भी गठन नहीं किया जा रहा है संबंधित समिति की जानकारी शासन प्रशासन को प्रेषित नहीं की जा रही है शासन प्रशासन द्वारा भी शांति एवं विवाद निवारण समिति और अपील समिति को सक्रिय करने के लिए ध्यान नहीं दिया जा रहा है इस संबंध में जहां भी लापरवाही की गई है जांच कराई जाए।

## 180 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार

### भीमडोंगरी में पूर्व विधायक पंडित सिंह ने किया शिविर का उद्घाटन

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** जनपद पंचायत मवई के ग्राम पंचायत भीमडोंगरी में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन स्वर्गीय विपत लाल नायक एवं स्वर्गीय कवल सिंह परते स्मृति में आयोजन अनंत सिंह राठौर जनपद सदस्य एवं अक्षय परते समाजसेवी के द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे 180 मरीजों का जांच उपरांत निःशुल्क दवाई का वितरण की गई ,एवं 20 गंभीर मरीजों को चयनित करके लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल रायपुर छत्तीगढ निःशुल्क इलाज हेतु जनप्रतिनिधियो द्वारा हरि झंडी दिखा कर रवाना किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ पंडित सिंह धुर्वे पूर्व विधायक सरस्वती माता के तेल्य चित्र पर तिलक वंदन कर किया गया।

कार्यकम में रायपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर डॉ प्रशांत नायक, डॉ विजय डिम्बा, डॉ लक्ष्मीकांत साहू,डॉ अभिजीत तिवारी , सहित अन्य डाक्टरों ने निःशुल्क सेवा दी।, उक्त शिविर में ओम प्रकाश मरावी सरपंच, करन सिंह मरावी सरपंच, हनुमान जाट, लखन बंजारा, संतोष पवार, जय सिंह धुर्वे सचिव, गुलाब उइके, कृष्णा मरावी, शिवम् राठौर, मयूर नायक का सराहनीय योगदान रहा।

## 14 जून को आयेंगे गौतम खट्टर

**मंडला, देशबन्धु।** अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त गौतम खट्टर का 14 जून को मंडला आगमन हो रहा है। यहां पर वे एक सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण में बताई जा रही है समाजिक कार्यकर्ता अजय वंशकार ने बताया कि गौतम खट्टर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हिन्दू विचार धारा के कार्यकर्ता है जिनके औजस्वी उद्बोधन पूरे देश में चर्चा में बनें रहते हैं। इने हम यूट्यूब फैसबुक इंस्टाग्राम या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सुनते आए हैं ऐसे ओजस्वी तेजस्वी वक्ता का 14 जून को मंडला आगमन हर्ष का विषय है। श्रेष्ठ भारत अजेय भारत के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री खट्टर आ रहे हैं। यहां पर उनके अन्य कार्यक्रम भी तैयार किए जा रहे हैं कार्यक्रम स्थल बंधन मैरीज लोन डिंडोरी रोड में किया गया है। जहां पर कार्यक्रम उपरांत जिले के रक्तदाता और समाजसेवियो का सम्मान भी किया जाएगा।

## गर्म हवाओं ने कराया लू का एहसास

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह में रविवार को तेज धूप ने लोगों को परेशान कर दिया। साफ आसमान और गर्म हवाओं के कारण लू का एहसास हुआ। सुबह 11.30 बजे ही अधिकतम तापमान 39 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, आज तापमान 43 डिग्री तक जा सकता है। गर्मी से बचने के लिए लोग घरों में दुबके हैं। सड़कों पर कम लोग दिख रहे हैं। जो बाहर निकल रहे हैं, वे गमछा, टोपी या दुपट्टे से खुद को ढक रहे हैं। बीते दिनों हुई बारिश से मिली राहत अब खत्म हो गई है।आगामी सप्ताह का मौसम पूर्वानुमान बताता है कि सोमवार और मंगलवार को 43 डिग्री, बुधवार को 42 डिग्री, गुरुवार को 41 डिग्री और शुक्रवार को 40 डिग्री तापमान रहेगा।

## एक साथ छह विभागों में आयोजित की गयी विभागीय परामर्शदात्री की बैठक

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के समस्त विभागों को विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने हेतु निर्देश दिया गया. इसी कड़ी में आज उप संचालक पशु चिकित्सा एवं डेयरी विकास. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक मंडला. उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास. जिला आयुष अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे एक साथ दिनांक 06/06/2025 को बैठक आयोजित किया गया। जिसमें कर्मचारियों संगठनों द्वारा रोष किया गया। चूँकि एक ही दिवस में 5 बैठकों के आयोजन से बैठकों की खाना-पूर्ति रही।



संयुक्त मोर्चा से के.डी. दुबे, लिपिक संघ से सतीश चंदौल,वरिष्ठ पेशंन संघ से बी.के. राय ,आजाक्स संघ से गजराज मरावी, राज्य कर्मचारी संघ से धरम सिंह धुर्वे स्वास्थ्य कर्मचारी संघ से शरद मेश्राम म-प्र. कर्मचारी कांग्रेस संघ से राधेलाल नरेटी म.प्र. तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के सतीश मिश्रा डॉ. लकी चौरसिया राज्य पत्रित आयुष अधिकारी संघ लघु वेतन से मिश्री लाल यादव सहित कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि समयानुसार कार्यालय में उपस्थित हुए, किन्तु कुछ कार्यालय की बैठकों में सभी संघों के पदाधिकारी उपस्थित नहीं हो सके ऐसी स्थिति में कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया गया है कि एक ही तिथि में बैठकों का आयोजन न किया जावें।

बैठक मे कर्मचारियों के समयमान वेतनमान और स्वत्त्वों की समयावधि में भुगतान,सेवा अभिलेखों के सत्यापन,अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गयी. साथ ही नियमित समय अन्तराल में विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव कर्मचारी संगठनों ने दिया।

## सरकारी जमीन में किया कब्जा, मशीन से तालाब को कर रहे समतल

**मंडला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में कई तरह की गड़बड़ी हो रही है इसे रोकने के लिए शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है एक तरफ सरकार जल गंगा संवर्धन अभियान और जल संरक्षण अभियान चला रही है तो दूसरी तरफ सरकारी संरक्षण में गड़बड़ी भी.की जा रही है।

राजस्व विभाग की मिलीभगत से ग्राम परसवाड़ा तहसील नैनपुर जिला मंडला मध्य प्रदेश में शासन द्वारा द्वारा निर्मित तालाब को माहुलेस्टोन क्रेशर के समीप स्थित भूमि के मालिक द्वारा मशीन से बीच से फोड़ दिया गया है तालाब को मशीन के द्वारा पानी निकालने



हेतु फोड़ा गया है एक तरफ सरकार जल संरक्षण का काम कर रही है तो दूसरी तरफ इस तरह की करतूत शासन प्रशासन के ही संरक्षण में की जा रही है बताया जा रहा है कि यह सब कुछ राजस्व विभाग नैनपुर की मिलीभगत से यहां पर किया जा रहा है कोई ठाकुर है जिसने यहां पर जमीन खरीदी है तालाब के किनारे उसके द्वारा तालाब को फोड़कर खेत बनाने हेतु समतल किया जा रहा है जानकारी यह भी मिली है कि उसने शासकीय जमीन काफी हड़प ली है किसी ठाकुर के द्वारा जमीन लेने के उपरांत इस तरह की करतूत यहां पर की जा रही है।

तालाब को पूरा समतल करने का प्रयास किया जा रहा है फिलहाल तालाब को फोड़ा गया है ताकि पानी यहां पर ठहर न सके और इसे धीरे-धीरे समतल करने का प्रयास किया जा रहा है जन अपेक्षा है कि तत्काल संबंधित दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए और जो तालाब फोड़ा गया है उसे उसके द्वारा ठीक कराया जाए।

## सुहागादेवी की 27वीं पुण्यतिथि आज



**मंडला।** मोदी परिवार के द्वारा श्रीमति सुहागादेवी मोदी की 27 वीं पुण्यतिथि आज 9 जून को मनाई जायेगी। इस अवसर पर परिवार जनों ने उनके स्नेह, आदर्श, दृढ संकल्प कठिन से कठिन समय में उनका विवेक दूसरों के प्रति समर्पण की भावना साकार करने का संकल्प लेकर पुण्य स्मरण किया जायेगा। आशा व्यक्त की गई है कि आप सशरीर न होते हुए भी हम लोगों का पथ प्रदर्शन कर आर्शीवाद प्रदान करती रहेंगी। इस अवसर पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये परिवारजनों द्वारा नर्मदा तट पर कीर्तन, भजन, महाआरती का आयोजन किया गया है तथा गरीबों को भोजन कराया जायेगा।

**शोकाकुल परिवार-** स्व. मुरलीधर मोदी, स्व. अशोक कुमार मोदी, मधुसूदन मोदी, सुरेन्द्र मोदी, श्रीकांत मोदी, अनीता मोदी, कुमारी सोनम मोदी, श्रेयांश मोदी, संदीप, सीमा मोदी एवं समस्त मोदी परिवार।